आदेश

अतः प्रार्थना पत्र आवेदक स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम मण्ड्रेला तहसील चिड़ावा स्थित आवेदक की खातेदारी भूमि खसरा नं0 973 रकबा 1.35 हैक्टे0 में आने–जाने हेतु रिपोर्ट भू0अभि0निरी0 दिनांक 09.02.2024 में संलग्न नजरी नक्शा अनुसार अनावेदकगण की खातेदारी भूमि खसरा नं0 1296/955 रकबा 4.56 हेक्टे0 में से ABC तक 31 मीटर लम्बाई 06. 35 मीटर चौड़ाई कुल क्षेत्रफल 0.0196 हैक्टे0 का रास्ता दिया जाकर तहसीलदार चिड़ावा को आदेशित किया जाता है कि उक्त रकबे की वर्तमान में प्रचलित डीएलसी दर अनुसार गणना कर दोगुना राशि सम्बन्धित अनावेदकगण खातेदारान को भुगतान करें एवं बाद भुगतान अन्यथा सूरत में राजकोष में जमा होने उपरान्त खसरा नं0 1296/955 रकबा 4.56 हेक्टे0 में से 196 वर्गमीटर (रकबा 0.0196 हैक्टयर) को राजस्व रिकार्ड में सार्वजनिक प्रयोजनार्थ राजकीय गै0 मु0 रास्ता दर्ज कर अमल दरामद एवं मुताबिक नजरी नक्शा तरमीम करें। रिपोर्ट भू0अभि0निरी0 दिनांक 09.02.2024 मय नजरी नक्शा निर्णय का भाग रहेगें। पालना हेतु तहसीलदार चिड़ावा को तहरीर जारी हो। एवं पत्रावली बाद फैसल शुमार व नम्बर से कम होकर दफ्तर दाखिल हो।

निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया।

30/04/2024

(बृजेश कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
चिड़ावा